WWW.JAGRANJOSH.COM

# केंद्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा 2011 के प्रथम प्रश्नपत्र का हल

# परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । **जब** आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान **से** केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि **$1\frac{1}{2}$ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **B**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग I : | बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | *(प्र. 1 से प्र. 30)* |
| भाग II : | गणित | *(प्र. 31 से प्र. 60)* |
| भाग III : | पर्यावरण अध्ययन | *(प्र. 61 से प्र. 90)* |
| भाग IV : | भाषा I — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | *(प्र. 91 से प्र. 120)* |
| भाग V : | भाषा II — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | *(प्र. 121 से प्र. 150)* |

6. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिएँ ।**
7. **परीक्षार्थी भाग V (भाषा II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

**भाग I**

## बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

1. शिक्षा के क्षेत्र में 'पाठ्यचर्या' शब्दावली __________ की ओर संकेत करती है ।

   (1) शिक्षण-पद्धति एवं पढ़ाई जाने वाली विषय-वस्तु

   (2) विद्यालय का संपूर्ण कार्यक्रम जिसमें विद्यार्थी प्रतिदिन अनुभव प्राप्त करते हैं

   (3) मूल्यांकन-प्रक्रिया

   (4) कक्षा में प्रयुक्त की जाने वाली पाठ्य सामग्री

2. निचली कक्षाओं में शिक्षण की खेल-पद्धति मूल रूप से आधारित है

   (1) शारीरिक शिक्षा कार्यक्रमों के सिद्धांत पर

   (2) शिक्षण-पद्धतियों के सिद्धांतों पर

   (3) विकास एवं वृद्धि के मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर

   (4) शिक्षण के समाजशास्त्रीय सिद्धांतों पर

3. "एक बच्चा अतीत की समान परिस्थिति में की गई अनुक्रियाओं के आधार पर नई स्थिति के प्रति अनुक्रिया करता है ।" यह किससे सम्बन्धित है ?

   (1) सीखने का 'सादृश्यता-नियम'

   (2) सीखने का 'प्रभाव-नियम'

   (3) सीखने की प्रक्रिया का 'अभिवृत्ति-नियम'

   (4) सीखने का 'तत्परता-नियम'

4. 'डिस्लेक्सिया' किससे सम्बन्धित है ?

(1) मानसिक विकार

(2) गणितीय विकार

(3) पठन विकार

(4) व्यवहार-सम्बन्धी विकार

5. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराई जानी चाहिए

(1) अन्य सामान्य बच्चों के साथ

(2) विशेष विद्यालयों में विशेष बच्चों के लिए विकसित पद्धतियों द्वारा

(3) विशेष विद्यालयों में

(4) विशेष विद्यालयों में विशेष शिक्षकों द्वारा

6. आकलन को 'उपयोगी और रोचक' प्रक्रिया बनाने के लिए ____________ के प्रति सचेत होना चाहिए ।

(1) अलग-अलग विद्यार्थियों में तुलना करना

(2) विद्यार्थियों को बुद्धिमान या औसत शिक्षार्थी की उपाधि देना

(3) शैक्षिक और सह-शैक्षिक क्षेत्रों में विद्यार्थी के सीखने के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए विविध तरीकों का प्रयोग करना

(4) प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देने के लिए तकनीकी भाषा का प्रयोग करना

7. ____________ 'प्रतिभाशाली' होने का संकेत ***नहीं*** है ।

(1) सृजनात्मक विचार

(2) दूसरों के साथ झगड़ना

(3) अभिव्यक्ति में नवीनता

(4) जिज्ञासा

8. "बच्चे दुनिया के बारे में अपनी समझ का सृजन करते हैं ।" इसका श्रेय __________ को जाता है ।

(1) पियाजे

(2) पैवलॉव

(3) कोह्लबर्ग

(4) स्किनर

9. कृतिका अकसर घर में ज़्यादा बात ***नहीं*** करती, लेकिन विद्यालय में वह काफ़ी बात करती है । यह दर्शाता है कि

(1) विद्यालय हर समय बच्चों को ख़ूब बात करने का अवसर देता है

(2) शिक्षकों की यह माँग होती है कि बच्चे विद्यालय में ख़ूब बात करें

(3) कृतिका को अपना घर बिल्कुल पसंद नहीं है

(4) उसके विचारों को विद्यालय में मान्यता मिलती है

10. एक शिक्षक को अपने विद्यार्थियों की क्षमताओं को समझने का प्रयास करना चाहिए । निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र इस उद्देश्य के साथ संबद्ध है ?

(1) शिक्षा-समाजशास्त्र

(2) सामाजिक दर्शन

(3) मीडिया – मनोविज्ञान

(4) शिक्षा-मनोविज्ञान

11. सीखने की प्रक्रिया में, अभिप्रेरणा

(1) शिक्षार्थियों की स्मरण-शक्ति को पैना बनाती है

(2) पिछले सीखे हुए को नए अधिगम से अलग करती है

(3) शिक्षार्थियों को एक दिशा में सोचने के योग्य बनाती है

(4) शिक्षार्थियों में सीखने के प्रति रुचि का विकास करती है

12. सीखना समृद्ध हो सकता है यदि

(1) वास्तविक दुनिया से उदाहरणों को कक्षा में लाया जाए जिसमें विद्यार्थी एक-दूसरे से अंतःक्रिया करें और शिक्षक उस प्रक्रिया को सुगम बनाए

(2) कक्षा में अधिक-से-अधिक शिक्षण-सामग्री का प्रयोग किया जाए

(3) शिक्षक विभिन्न प्रकार के व्याख्यान और स्पष्टीकरण का प्रयोग करें

(4) कक्षा में आवधिक परीक्षाओं पर अपेक्षित ध्यान दिया जाए

13. निम्न में से कौन-से कथन को सीखने की प्रक्रिया की विशेषता ***नहीं*** मानना चाहिए ?

(1) शैक्षिक संस्थान ही एकमात्र स्थान हैं जहाँ अधिगम प्राप्त होता है

(2) सीखना एक व्यापक प्रक्रिया है

(3) सीखना लक्ष्योन्मुखी होता है

(4) अन-अधिगम भी सीखने की प्रक्रिया है

14. पाँचवीं कक्षा के 'दृष्टिबाधित' विद्यार्थी

(1) को निचले स्तर के कार्य करने की छूट मिलनी चाहिए

(2) के माता-पिता और मित्रों द्वारा उसे दैनिक कार्यों को करने में सहायता की जानी चाहिए

(3) के साथ कक्षा में सामान्य रूप से व्यवहार किया जाना चाहिए और श्रव्य सी.डी. के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए

(4) के साथ कक्षा में विशेष व्यवहार किया जाना चाहिए

15. प्राथमिक स्तर पर एक शिक्षक में निम्न में से किसे सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता मानना चाहिए ?

(1) पढ़ाने की उत्सुकता

(2) धैर्य और दृढ़ता

(3) शिक्षण-पद्धतियों और विषयों के ज्ञान में दक्षता

(4) अति मानक भाषा में पढ़ाने में दक्षता

16. वह अवस्था जब बच्चा तार्किक रूप से वस्तुओं व घटनाओं के विषय में चिंतन प्रारंभ करता है, है

(1) संवेदी-प्रेरक अवस्था

(2) औपचारिक-संक्रियात्मक अवस्था

(3) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

(4) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था

17. एक शिक्षक अपने लोकतांत्रिक स्वभाव के कारण विद्यार्थियों को पूरी कक्षा में कहीं भी बैठने की अनुमति देता है । कुछ शिक्षार्थी एक-साथ बैठते हैं और चर्चा करते हैं या सामूहिक पठन करते हैं । कुछ चुपचाप बैठकर अपने-आप पढ़ते हैं । एक अभिभावक को यह पसंद नहीं आता । इस स्थिति से निबटने का निम्न में से कौन-सा तरीका सबसे बेहतर हो सकता है ?

(1) अभिभावकों को प्रधानाचार्य से शिक्षक की शिकायत करनी चाहिए

(2) अभिभावकों को प्रधानाचार्य से अनुरोध करना चाहिए कि वे उनके बच्चे का अनुभाग बदल दें

(3) अभिभावकों को शिक्षक पर विश्वास व्यक्त करना चाहिए और शिक्षक के साथ समस्या पर चर्चा करनी चाहिए

(4) अभिभावकों को उस विद्यालय से अपने बच्चे को निकाल लेना चाहिए

18. 'सीखने के अंतःदृष्टि सिद्धांत' को किसने बढ़ावा दिया ?

(1) 'गेस्टाल्ट' सिद्धांतवादी
(2) पैवलॉव
(3) जीन पियाजे
(4) वाइगोत्स्की

19. बच्चों के बौद्धिक विकास की चार विशिष्ट अवस्थाओं की पहचान की गई

(1) कोह्लबर्ग द्वारा
(2) एरिकसन द्वारा
(3) स्किनर द्वारा
(4) पियाजे द्वारा

20. निम्नलिखित में से किस अवस्था में बच्चे अपने समवयस्क समूह के सक्रिय सदस्य हो जाते हैं ?

(1) किशोरावस्था
(2) प्रौढ़ावस्था
(3) पूर्व बाल्यावस्था
(4) बाल्यावस्था

21. बच्चों की सीखने की प्रक्रिया में माता-पिता को ________ भूमिका निभानी चाहिए ।

(1) नकारात्मक
(2) अग्रोन्मुखी
(3) सहानुभूतिपूर्ण
(4) तटस्थ

22. "विकास कभी न समाप्त होने वाली प्रक्रिया है ।" यह विचार किससे सम्बन्धित है ?

(1) अंतःसम्बन्ध का सिद्धांत
(2) निरंतरता का सिद्धांत
(3) एकीकरण का सिद्धांत
(4) अंतःक्रिया का सिद्धांत

**23.** वह कौन-सा स्थान है जहाँ बच्चे के 'संज्ञानात्मक' विकास को सबसे बेहतर तरीके से परिभाषित किया जा सकता है ?

(1) खेल का मैदान

(2) विद्यालय एवं कक्षा पर्यावरण

(3) सभागार

(4) घर

**24.** निम्न में से कौन-सा बुद्धिमान बच्चे का लक्षण ***नहीं*** है ?

(1) वह जो लंबे निबंधों को बहुत जल्दी रटने की क्षमता रखता है

(2) वह जो प्रवाहपूर्ण एवं उचित तरीके से संप्रेषण करने की क्षमता रखता है

(3) वह जो अमूर्त रूप से सोचता रहता है

(4) वह जो नए परिवेश में स्वयं को समायोजित कर सकता है

**25.** ____________ को एक अभिप्रेरित शिक्षण का संकेतक माना जाता है ।

(1) कक्षा में अधिकतम उपस्थिति

(2) शिक्षक द्वारा दिया गया उपचारात्मक कार्य

(3) विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछना

(4) कक्षा में एकदम खामोशी

**26.** निम्न में से कौन-सा बच्चे की सामाजिक-मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं के साथ संबद्ध ***नहीं*** है ?

(1) सामाजिक अनुमोदन अथवा सराहना की आवश्यकता

(2) संवेगात्मक सुरक्षा की आवश्यकता

(3) शरीर से अपशिष्ट पदार्थों का नियमित रूप से बाहर निकलना

(4) सान्निध्य (संगति) की आवश्यकता

27. 'मन का मानचित्रण' संबंधित है

(1) बोध (समझ) बढ़ाने की तकनीक से
(2) साहसिक कार्यों की क्रिया-योजना से
(3) मन का चित्र बनाने से
(4) मन की क्रियाशीलता पर अनुसंधान से

28. विशेष रूप से प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों की सीखने सम्बन्धी समस्याओं को संबोधित करने का सबसे बेहतर तरीका है

(1) अक्षमता के अनुरूप विभिन्न शिक्षण-पद्धतियों का प्रयोग करना
(2) महँगी और चमकदार सहायक सामग्री का प्रयोग करना
(3) सरल और रोचक पाठ्य-पुस्तकों का प्रयोग करना
(4) कहानी-कथन पद्धति का प्रयोग करना

29. पियाजे के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था में बच्चा अमूर्त संकल्पनाओं के विषय में तार्किक चिंतन करना आरंभ करता है ?

(1) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था (07 – 11 वर्ष)
(2) औपचारिक-संक्रियात्मक अवस्था (11 वर्ष एवं ऊपर)
(3) संवेदी-प्रेरक अवस्था (जन्म – 02 वर्ष)
(4) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था (02 – 07 वर्ष)

30. निम्न में से कौन-सा शिक्षार्थियों में सृजनात्मकता का पोषण करता है ?

(1) अच्छी शिक्षा के व्यावहारिक मूल्यों के लिए विद्यार्थियों का शिक्षण
(2) प्रत्येक शिक्षार्थी की अंतर्जात प्रतिभाओं का पोषण करने एवं प्रश्न करने के अवसर उपलब्ध कराना
(3) विद्यालयी जीवन के प्रारंभ से उपलब्धि के लक्ष्यों पर बल देना
(4) परीक्षा में अच्छे अंकों के लिए विद्यार्थियों की कोचिंग करना

## भाग II
## गणित

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

**31.** भिन्नों की तुलना पढ़ाते समय जिसमें अंश समान हैं, जैसे $\frac{3}{5}$ और $\frac{3}{7}$

रोहित की प्रतिक्रिया थी – "चूँकि अंश समान हैं और 7, 5 से बड़ा है, अतः $\frac{3}{7}$, $\frac{3}{5}$ से बड़ा है ।"

यह बताता है कि


(1) रोहित तुल्य भिन्नों की अवधारणा नहीं जानता

(2) रोहित ने अच्छी तरह अभ्यास नहीं किया है

(3) रोहित को भिन्नों के परिमाण की समझ नहीं है

(4) रोहित अंश और हर की अवधारणा नहीं जानता

**32.** माचिस की तीलियों से बने निम्नलिखित पैटर्न की जाँच कीजिए :




यदि पैटर्न निरन्तर जारी रहे, तो 15वें चरण के लिए कितनी तीलियों की आवश्यकता होगी ?

(1) 61

(2) 62

(3) 105

(4) 65


**33.** भिन्नों की अवधारणा से परिचित करने के लिए शिक्षक ______________ से शुरुआत कर सकता है ।


(1) $\frac{a}{b}$ के रूप में भिन्न लिखना जिसमें $b \neq 0$ है


(2) उनके आस-पास की वस्तुओं में भिन्न-भागों की पहचान करना


(3) विभिन्न भिन्नों में अंश और हर की पहचान करना

(4) संख्या रेखा पर भिन्न का पता लगाना

**34.**  एक 'इकाई' का $\frac{3}{4}$ है, तो $1\frac{1}{2}$ क्या होगा ?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**35.** संख्या 49532 का सन्निकट हजारवाँ मान होगा

(1) 41000

(2) 50000

(3) 49000

(4) 49500

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सी महत्तम संख्या है ?

(1) $[(2 + 2)^2]^2$

(2) $(2 + 2 + 2)^2$

(3) $(4)^2$

(4) $(2 \times 2 \times 2)^2$

37. "बच्चे के पर्यावरण में जो वस्तुएँ लुढ़कती या फिसलती हैं, उन पर कक्षा में चर्चा शुरू करो । बच्चों को उनके आकार देखने में और यह समझने में कि कैसे कुछ वस्तुएँ लुढ़कती हैं और कुछ फिसलती हैं, सहायता करें ।"

*स्रोत : गणित के जादू II, एन.सी.ई.आर.टी.*

एन.सी.ई.आर.टी. की कक्षा-II की पाठ्य-पुस्तक में इस तरह के सुझाव यह समझने में शिक्षक की सहायता करते हैं कि

(1) निदर्शन से संपूरित चर्चाएँ विद्यार्थियों को संकल्पनाओं को बेहतर तरीके से समझने में सहायता करती हैं

(2) चर्चाएँ बहुविध परिप्रेक्ष्यों को कक्षा में स्थान देती हैं

(3) चर्चा करना गणित की कक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ युक्ति है

(4) आस-पास की चीज़ों के बारे में बच्चों का ध्यान आकर्षित करना शिक्षकों के लिए अनिवार्य है

38. एन.सी.ई.आर.टी. की कक्षा-IV की गणित की पाठ्य-पुस्तक के पाठों में इस तरह के शीर्षक हैं – "कबाड़ीवाली", "भोपाल की सैर", "दुनिया कुछ ऐसी दिखती है" ।
यह परिवर्तन किया गया है

(1) दैनिक जीवन से जोड़ते हुए उन्हें रोचक बनाने के लिए

(2) कबाड़ बेचने और यात्रा करने के बारे में जानने के लिए

(3) पाठों में गणितीय विषय-वस्तु का अनुमान लगाने हेतु विद्यार्थियों को चुनौती देने के लिए

(4) उन्हें अलग-सा समझाने के लिए

39. कुछ आमों का भार 2 किलो 600 ग्राम है तथा कुछ सेबों का भार 1 किलो 450 ग्राम है । आमों का भार सेबों के भार से कितना अधिक है ?

(1) 1 किलो 200 ग्राम

(2) 150 ग्राम

(3) 4 किलो 50 ग्राम

(4) 1 किलो 150 ग्राम


40. गणित करने की युक्ति के रूप में "सवाल हल करना" में शामिल है
(1) क्रियाकलाप आधारित उपागम
(2) अनुमान लगाना
(3) व्यापक अभ्यास
(4) हल पर पहुँचने के लिए संकेतों का प्रयोग


41. प्राथमिक कक्षाओं में आकार और स्थान (space) की समझ विकसित करने के लिए किए जाने वाले निम्नलिखित कार्यों को क्रम से लगाइए :
a. 2-D आकारों की भुजाओं और शीर्षों का अवलोकन करते हुए उनकी विशेषताओं का मिलान करना
b. 2-D आकारों की विशेषताओं का सहजबुद्धि से वर्णन करना
c. 2-D आकारों को छाँटना
d. विभिन्न 2-D आकारों की भुजाओं, शीर्षों और विकर्णों की गणना करते हुए उनका वर्णन करना
(1) a, d, b, c
(2) c, a, d, b
(3) d, b, a, c
(4) c, b, d, a


42. यदि एक ऑपरेटर ⊕ को निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया जाए


$4 \oplus 3 = 4 + 5 + 6$
$5 \oplus 4 = 5 + 6 + 7 + 8$
$6 \oplus 4 = 6 + 7 + 8 + 9$


तो $n \oplus 8$ का मान क्या होगा ?
(1) $8n + 36$
(2) $n + 36$
(3) $n + 28$
(4) $8n + 28$

**43.** एक शिक्षक कक्षा से  पर 1/8 निरूपित करने के लिए कहता है । निम्नलिखित में से कौन-सा निरूपण ग़लत है ?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**44.** गणित में निदानात्मक परीक्षण का उद्देश्य है

(1) प्रगति पत्रक को भरना

(2) सत्रांत परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र की योजना बनाना

(3) बच्चों की समझ में निहित रिक्तियों को जानना

(4) अभिभावकों को प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देना

**45.** 407928 को पढ़ा जाएगा

(1) चालीस हजार नौ सौ अट्ठाईस

(2) चार लाख सात हजार नौ सौ अट्ठाईस

(3) चार लाख उनासी हजार अट्ठाईस

(4) सैंतालिस हजार नौ सौ अट्ठाईस

46. एक आयत की लम्बाई '$l$' है और इसकी चौड़ाई, लम्बाई की आधी है । इस आयत का परिमाप क्या होगा यदि उसकी लम्बाई दुगुनी कर दी जाए एवं उसकी चौड़ाई को समान रखा जाए ?

(1) 6 $l$

(2) 3 $l$

(3) 4 $l$

(4) 5 $l$

47. षड्भुजाकार पिरामिड के बारे में कौन-सा कथन सत्य है ?

(1) इसके दो षड्भुजाकार फलक होते हैं और छः आयताकार फलक होते हैं

(2) इसके छः षड्भुजाकार फलक होते हैं जो छः आयताकार फलकों से जुड़े हुए होते हैं

(3) इसके छः फलक होते हैं और प्रत्येक फलक षड्भुज होता है

(4) एक बिन्दु पर मिलते हुए छः त्रिभुजाकार फलक के साथ इसका षड्भुजाकार आधार होता है

48. हिन्दू-अरबी संख्यांकन पद्धति में 4-अंक वाली कितनी संख्याएँ हैं ?

(1) 9999

(2) 9000

(3) 99

(4) 8999

**49.** विकास 56 विद्यार्थियों की कक्षा को गणित पढ़ाता है । उसका यह विश्वास है कि यदि परीक्षा के तुरंत बाद प्रतिपुष्टि (फीडबैक) दी जाए तो वह प्रभावी होती है । वह 10 अंकों की एक छोटी कक्षा परीक्षा का आयोजन करता है । प्रभावी तरीके से प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देने का *सबसे अच्छा तरीका* कौन-सा है ?

(1) वह पूरी कक्षा के लिए चर्चा का आयोजन कर सकता है कि वे किन तरीकों से अपने उत्तरों पर पहुँचे और सही उत्तर पर पहुँचने की प्रभावी युक्ति कौन-सी है

(2) वह यादृच्छिक रूप से किसी भी एक कॉपी का चयन करे और बोर्ड की सहायता से उस कॉपी में उत्तर प्राप्त करने की विधि पर चर्चा करे

(3) वह विद्यार्थियों को एक-दूसरे के उत्तरों की जाँच करने दे

(4) वह प्रत्येक सवाल के हल को बोर्ड पर समझाए और विद्यार्थियों से कहे कि वे स्वयं अपने उत्तरों को जाँचें

**50.** एक शिक्षक 'आकार' पढ़ाने के लिए ऐतिहासिक स्थानों के भ्रमण की योजना बना सकता है, क्योंकि

(1) क्षेत्र-भ्रमण सी.बी.एस.ई. द्वारा अनुशंसित किए गए हैं, इसलिए ये अति आवश्यक हैं


(2) आकार किसी भी वास्तुकला का एक अभिन्न हिस्सा होते हैं और इस तरह के भ्रमण सभी विषयों के आपसी सम्बन्धों को बढ़ावा देते हैं

(3) उसने समय रहते अधिकांश पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है और उसे अवकाश उपलब्ध कराने की आवश्यकता है


(4) यह गणित की रोज़ाना की कक्षा के लिए एक अच्छा अवकाश होगा और साथ ही संप्रेषणपरक कौशलों में सुधार के लिए एक बेहतर अवसर होगा

**51.** एक पासे में विपरीत फलकों की संख्याओं का योगफल 7 होता है । निम्नलिखित में से कौन-सा पासे में वलन होगा ?


(1)





(2)




(3)




(4)



52. क्षेत्रफल की अवधारणा से परिचित कराने के लिए शिक्षक ____________ से शुरुआत कर सकता है ।

(1) इकाई वर्ग गणन की सहायता से आकृतियों का क्षेत्रफल ज्ञात करना

(2) भिन्न आकारों की आकृतियों का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए सूत्रों को स्पष्ट करना

(3) हथेली, पत्ते, पेंसिल, नोटबुक, आदि विभिन्न वस्तुओं की सहायता से किसी आकृति के क्षेत्रफल की तुलना करना

(4) आयत की लंबाई और चौड़ाई का पता लगाना और आयत के क्षेत्रफल के सूत्र (लंबाई × चौड़ाई) का प्रयोग करते हुए क्षेत्रफल ज्ञात करना

53. जब राजन के सामने शाब्दिक समस्याएँ आती हैं, तो वह प्रायः पूछता है "मैं जमा करूँ या घटा ?" "मैं गुणा करूँ या भाग ?" । इस तरह के प्रश्न बताते हैं कि

(1) राजन संख्या-संक्रियाओं को नहीं समझता

(2) राजन जोड़ और गुणा नहीं कर सकता

(3) राजन कक्षा में बाधा डालने के लिए अवसर खोजता है

(4) राजन को भाषा समझने में कठिनाई होती है

54. एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लंबाई 8 cm और 6 cm है । इसका परिमाप बताइए ।

(1) 24 cm

(2) 28 cm

(3) 18 cm

(4) 20 cm

**55.** निम्नलिखित तालिका को ध्यान से देखिए :

| स्टेशन | | बस 1 | बस 2 | बस 3 |
|---|---|---|---|---|
| नई दिल्ली | निगमन | 19:15 | 12:30 | 16:45 |
| फरीदाबाद | आगमन | 20:22 | 13:25 | 19:10 |
| | निगमन | 20:37 | 13:35 | 19:22 |
| मथुरा | आगमन | 00:40 | 18:10 | 21:55 |

इनमें से कौन-सी बस नई दिल्ली से मथुरा पहुँचने में सबसे कम समय लेती है ?

(1) बस 3

(2) बस 2 एवं बस 3 दोनों समान समय लेती हैं

(3) बस 1

(4) बस 2

**56.** भिन्नों का योग पढ़ाते समय शिक्षक को नीचे दी हुई एक त्रुटि ज्ञात हुई :

$$\frac{1}{2} + \frac{1}{3} = \frac{2}{5}$$

इस स्थिति में शिक्षक को उपचारात्मक कार्य के रूप में क्या करना चाहिए ?

(1) प्रत्येक भिन्न के परिमाण को समझने में बच्ची की सहायता करे

(2) लघुतम समापवर्त्य (ल.स.) की अवधारणा को समझने में बच्ची की सहायता करे

(3) बच्ची से कहे कि वह अधिक-से-अधिक अभ्यास करे

(4) इसमें अधिक हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, क्योंकि बच्ची जैसे ही बड़ी होगी, वह समझ जाएगी

**57.** 'माप' की अवधारणा विकसित करने हेतु अपनाए गए निम्नलिखित कार्यों को क्रम से लगाइए :

a. शिक्षार्थी लंबाई मापने के लिए मानक इकाइयों का प्रयोग करते हैं ।

b. शिक्षार्थी लंबाई मापने के लिए अमानक इकाइयों का प्रयोग करते हैं ।

c. शिक्षार्थी सरल अवलोकन द्वारा वस्तुओं को सत्यापित करते हैं ।

d. शिक्षार्थी मीटरी (मैट्रिक) इकाइयों के बीच के सम्बन्धों को समझते हैं ।

(1) c, b, a, d

(2) d, a, c, b

(3) a, b, d, c

(4) b, a, c, d

**58.** एन.सी.एफ. (2005) मानता है कि गणित में 'सोचने एवं तर्क का एक निश्चित तरीका' निहित है ।
नीचे दिए गए कथनों में से वह कथन चुनिए जो उपर्युक्त सिद्धांत का पालन ***नहीं*** करता :

(1) उसे पढ़ाने की विधि


(2) आंकिक प्रश्नों को हल करने के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित सूत्र बताना

(3) पाठ्य-पुस्तकों में प्रस्तुत सामग्रियों के लिखने का तरीका


(4) कक्षा के लिए चुने गए क्रियाकलाप एवं अभ्यास

**59.** "इन दिनों दाम बढ़ने शुरू हो रहे हैं।" निम्नलिखित में से कौन-सा ग्राफ़ इस स्थिति का निरूपण करता है ?


(1)





(2)




(3)




(4)




**60.** एक "अच्छा" गणितज्ञ होने के लिए ______ ज़रूरी है।

(1) सभी अवधारणाओं को समझना, लागू करना और उनमें सम्बन्ध बनाना

(2) सवालों के उत्तर देने की तकनीक में निपुणता

(3) अधिकतर सूत्रों को याद करना

(4) बहुत जल्दी सवालों को हल करना

**भाग III**

## पर्यावरण अध्ययन

***निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए ।***

**61.** पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के रूप में, आप बच्चों को चिड़ियाघर ले जाने की योजना बनाते हैं । आप बच्चों को निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि करने की अनुमति ***नहीं*** देंगे ?

(1) चिड़ियाघर के जानवरों के लिए बहुत सारी खाने की सामग्री ले जाना

(2) चिड़ियाघर के विभिन्न जानवर कौन-सा भोजन खाते हैं यह पता लगाना

(3) चिड़ियाघर में जिन जानवरों को वे देखेंगे उनकी फोटो एकत्रित करना

(4) चिड़ियाघर में उन्होंने जो देखा उसका चित्र बनाने के लिए उनकी ड्राइंग की कॉपी को साथ ले जाना

**62.** 'बीज अंकुरण' की अवधारणा को इस तरह सबसे बेहतर तरीके से पढ़ाया जा सकता है

(1) बीज बोने, अंकुरण के विभिन्न चरणों का अवलोकन करने और उनका चित्र बनाने की गतिविधि को बच्चों को निष्पादित करने के लिए कहना

(2) अंकुरित बीजों की फोटो दिखाना

(3) कक्षा में अंकुरित बीजों को दिखाना और अंकुरण की प्रक्रिया को स्पष्ट करना

(4) बोर्ड पर चित्र बनाते हुए अंकुरण के चरणों को प्रदर्शित करना

**63.** मीरा और दिव्या छोटी लड़कियाँ हैं । मीरा समोसे, कटलेट और डबलरोटी खाना पसंद करती है, जबकि दिव्या ऐसा भोजन पसंद करती है जिसमें लौह तत्त्व की कमी है । मीरा और दिव्या को निम्नलिखित बीमारियों में से क्रमशः कौन-सी बीमारी होगी ?

(1) मोटापा और स्कर्वी

(2) स्कर्वी और ऐनीमिया

(3) ऐनीमिया और रतौंधी

(4) मोटापा और ऐनीमिया

64. बच्चों को विभिन्न प्रकार के ईंधनों से परिचित कराने के लिए शिक्षक

(1) कक्षा में कुछ ईंधनों के नमूने दिखा सकता है

(2) एक लघु फ़िल्म दिखाने के साथ खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले संभावित ईंधन के प्रकारों पर बच्चों के साथ चर्चा कर सकता है

(3) चार्ट पर ईंधनों के चित्र प्रदर्शित कर सकता है

(4) बच्चों से विभिन्न प्रकार के ईंधनों की सूची बनाने के लिए कह सकता है

65. मानचित्र पढ़ने के लिए आवश्यक कौशल में शामिल है

(1) अभिव्यक्तात्मक योग्यताओं को बाहर निकालने के लिए विलक्षण संप्रेषण कौशल

(2) स्थान, दूरी और दिशाओं की सापेक्ष स्थिति को समझने की योग्यता

(3) ड्राइंग और पेंटिंग में विलक्षण कुशलता

(4) ग्लोब पर स्थिति दर्शाने के लिए स्केच और गणनाओं का उपयोग करने की योग्यता

66. पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में बच्चों के व्यक्तिगत अनुभवों को महत्त्व देना शिक्षक को लाभ पहुँचाता है

(1) विषय को बच्चों के अनुभव-संसार से जोड़ने और विमर्श व सीखने को बढ़ावा देने में

(2) उसकी ऊर्जा बचाने में क्योंकि बच्चे बातचीत करना पसन्द करते हैं

(3) बच्चों के विशिष्ट अनुभवों को जानने में

(4) बच्चों की भाषा और संप्रेषण कुशलताओं को सुधारने और परिमार्जित करने में

67. यह देखा गया है कि पाचन क्रिया बाहर की अपेक्षा आमाशय के अंदर अधिक तेज़ी से होती है, क्योंकि

(1) पाचक रस जब आमाशय के बाहर रखते हैं तो निष्क्रिय हो जाते हैं

(2) आमाशय के अंदर भोजन का मंथन होता रहता है जिससे उसकी सतह का क्षेत्रफल बढ़ जाता है और एन्ज़ाइम की क्रिया तेज़ हो जाती है

(3) पाचक रस आमाशय के अंदर अम्लीय होते हैं, जबकि बाहर वे क्षारीय होते हैं

(4) आमाशय के अंदर भोजन की उपस्थिति में पाचक रस का उत्पादन बहुत ज़्यादा होता है

68. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने का उद्देश्य *नहीं* है ?
   (1) बच्चों पर आकलन के लिए शब्दावली और परिभाषाओं का बोझ डालना
   (2) जीवन और पर्यावरण से सरोकार रखने वाले मूल्यों को आत्मसात करना
   (3) प्राकृतिक व सामाजिक वातावरण के बारे में उत्सुकता जगाना
   (4) बच्चों को खोजने की क्रियाओं में लगाना तथा व्यावहारिक क्रियाएँ करवाना जो संज्ञानात्मक और मनश्चालक कौशलों के विकास में सहायक होती हैं

69. भैंस की पीठ पर अकसर बगुला (इग्रेट) पक्षी बैठा दिखाई देता है । ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बगुला
   (1) भैंस की पीठ पर परजीवी कीट खाता है
   (2) घास में पाए जाने वाले कीट खाता है
   (3) भैंस की पीठ पर बैठकर गाना पसंद करता है
   (4) उड़ने के बाद थोड़ा आराम करता है

70. पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक में रेलवे टिकट का एक नमूना दिखाना
   (1) निष्कर्ष पर पहुँचने की बच्चों की कुशलता का विकास करता है
   (2) बच्चों को वास्तविक जानकारी से अंतःक्रिया करने का अवसर देता है, साथ ही अवलोकन की कुशलता का विकास करता है
   (3) बच्चों को रेल के किराये के बारे में बताता है
   (4) टिकट में प्रयुक्त विभिन्न संक्षिप्ताक्षरों का ज्ञान उपलब्ध कराता है

71. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक विद्यालय में पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने का उद्देश्य निरूपित है ?
   (1) अपने ज्ञान का विस्तार करने के लिए बच्चों को सूचना देना कि उन्हें कौनसी पुस्तकें पढ़नी चाहिए
   (2) विद्यालय में बच्चों के अनुभवों को बाहरी दुनिया से जोड़ना
   (3) बच्चों को तकनीकी शब्दावली और परिभाषाओं से परिचित कराना
   (4) पर्यावरण अध्ययन से सम्बन्धित तकनीकी शब्दों का आकलन

**72.** दत्त कार्य के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) दत्त कार्य बच्चों को सूचना खोजने, अपने विचारों का निर्माण करने और उन्हें उच्चारित करने का अवसर प्रदान करता है

(2) दत्त कार्य अभिभावकों, भाइयों या बहनों द्वारा अपनी क्षमता के अनुसार किया जा सकता है

(3) प्रतिदिन विविधता और अभ्यास कराने के लिए कक्षा-कार्य और फिर गृह-कार्य के रूप में दत्त कार्य देने की आवश्यकता है

(4) दत्त कार्य आकलन का एकमात्र तरीका है

**73.** पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में सरल प्रयोग और निदर्शन किए जा सकते हैं

(1) बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर आधारित विचारों पर चर्चा करने, अवलोकनों को दर्ज करने तथा उनका विश्लेषण करने के लिए

(2) कक्षा में अनुशासन को सुनिश्चित करने हेतु बच्चों को नियंत्रित करने के लिए

(3) बच्चों को स्वयं सीखने के योग्य बनाने और अवलोकन कौशलों को पैना करने के लिए

(4) उच्च कक्षाओं में क्या किया जाता है उसका अनुकरण करने के लिए

**74.** दुर्गा एक गाँव में रहती है और लकड़ी या गोबर के उपले का ईंधन इस्तेमाल करते हुए चूल्हे पर खाना पकाती है । पिछले तीन महीनों से उसे तेज़ खाँसी आ रही है । इसका कारण हो सकता है

(1) जलते हुए ईंधन के धुएँ से उसे एलर्जी हो गई होगी

(2) उसकी झोंपड़ी के अंदर और बाहर प्रदूषण तथा वृद्धावस्था

(3) ईंधन के जलने से उत्पादित कार्बन मोनोक्साइड जो उसके श्वसन नली में जमा हो गई होगी

(4) जलते हुए ईंधन से उत्पादित काला धुआँ जो उसके श्वसन नली में जमा हो गया होगा

**75.** दोपहर के भोजन अवकाश के बाद पर्यावरण अध्ययन पढ़ाते समय आप यह पाते हैं कि बच्चे पाठ में रुचि नहीं ले रहे हैं । आप क्या करेंगे ?

(1) बच्चों को बाहर मैदान में खेलने के लिए ले जाएँगे

(2) बच्चों से कहेंगे कि वे डेस्क पर सिर रखकर आराम करें

(3) पाठ को रोचक बनाने के लिए बहु-आयामी बुद्धि पर आधारित दृश्य-श्रव्य सामग्रियों का प्रयोग करेंगे

(4) प्रकरण को तुरंत बदल देंगे

**76.** एक विद्यालय ने राजस्थान के लिए कक्षा-V के बच्चों के शैक्षिक भ्रमण की योजना बनाई । भ्रमण के दौरान बच्चों से आपकी क्या अपेक्षाएँ रहेंगी ?


(1) यदि उनके कोई प्रश्न हों तो उन्हें दर्ज कर लेना चाहिए और घर पहुँचने के बाद अभिभावकों से उन्हें पूछना चाहिए

(2) चीज़ों के बारे में बिना कोई प्रश्न पूछे, सभी का अवलोकन करना चाहिए

(3) उन्हें आनंद उठाना चाहिए

(4) उन्हें ध्यान से अवलोकन करना चाहिए, टिप्पणियाँ दर्ज करनी चाहिए और बाकी बच्चों तथा शिक्षक के साथ अपने अवलोकनों को बाँटना चाहिए

**77.** रीना अपने घर का कूड़ा नीचे दर्शाए तरीके से दो ढेरियों में अलग करती है :




रीना ने दो ढेरियों में कूड़ा निम्न आधार पर अलग किया :

(1) घरेलू कचरा है / औद्योगिक कचरा है

(2) दुर्गंध है / दुर्गंध रहित है

(3) अपघटित होने वाले / अपघटित नहीं होने वाले

(4) पुनः चक्रण किया जा सकता है / पुनः चक्रण नहीं किया जा सकता

**78.** किसके नेतृत्व में 'चिपको आंदोलन' को बल मिला ?

(1) ए.के. बैनर्जी

(2) सुंदर लाल बहुगुना

(3) अमृता देवी बिश्नोई

(4) मेधा पाटकर

**79.** विटामिन ऐसे पदार्थ हैं जो

(1) हीनताजन्य रोगों से बचाव के लिए थोड़ी मात्रा में आवश्यक हैं

(2) हमारी उपापचय दर बढ़ा कर भार में कमी लाते हैं

(3) स्वस्थ रहने के लिए दवाई के रूप में लिए जाते हैं

(4) पेशियों का विकास करके हमें ताकतवर बनाते हैं

**80.** ग्रामीण क्षेत्रों में, गाय के गोबर से झोंपड़ी की दीवारों और फर्श को लीपा जाता है उन्हें

(1) फर्श को प्राकृतिक रंग देने के लिए

(2) कीटों को दूर रखने के लिए

(3) चिकना और साफ़ बनाने के लिए

(4) खुरदरा बनाकर घर्षण बढ़ाने के लिए

**81.** एक किसान दानों को भूसे से अलग करना चाहता है । जिस प्रक्रिया से यह किया जा सकता है वह कहलाती है

(1) फसल की कटाई

(2) हस्त चयन

(3) थ्रेशिंग

(4) निष्पावन

**82.** पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक में पहेलियाँ शामिल करने का निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य ***नहीं*** है ?

(1) बच्चों के मस्तिष्क को भ्रमित करना और उन्हें इस भ्रम का आनंद उठाने देना

(2) सृजनात्मक चिंतन की योग्यता और उत्सुकता का विकास करना

(3) बच्चों में आलोचनात्मक चिंतन शक्ति विकसित करना

(4) बच्चों में तर्कणा शक्ति का विकास करना

83. एक पुरुष जिसका रक्त समूह 'O' है, एक 'A' रक्त समूह वाली स्त्री से शादी करता है। उसके पहले बच्चे के रक्त समूह 'O' होने की संभावना है

(1) 25%

(2) 75%

(3) 50%

(4) 100%

84. टूटता तारा (उल्का) है

(1) उल्काभ जो पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते ही आग पकड़ लेता है

(2) एकसमान गति से चलने वाला तारा

(3) एक चमकता पिंड जो वायुमंडल में एकसमान गति से चलता है

(4) एक तारा जिसके एक सिरे पर पूँछ होती है

85. क्वथन (उबलना) और वाष्पीकरण में अंतर है

(1) क्वथन से द्रव का आयतन कम हो जाता है जबकि वाष्पीकरण में नहीं

(2) क्वथन में द्रव से वाष्प में परिवर्तन देखा जा सकता है जबकि वाष्पीकरण देखा नहीं जा सकता

(3) क्वथन से जल की अवस्था बदल जाती है जबकि वाष्पीकरण में नहीं

(4) वाष्पीकरण किसी भी तापमान पर हो सकता है जबकि क्वथन नहीं

86. प्राथमिक स्तर पर, आकलन में शामिल होना चाहिए

(1) अर्ध-वार्षिक और वर्ष के अन्त में वार्षिक परीक्षाएँ

(2) छोटे बच्चों को उत्तीर्ण अथवा अनुत्तीर्ण की श्रेणी के अंतर्गत आँकने के लिए प्रत्येक सप्ताह गृह-कार्य और कक्षा-कार्य

(3) शिक्षक द्वारा सतत और असंरचनात्मक तरीके से किए गए अवलोकन को बच्चों और अभिभावकों के साथ बाँटना

(4) प्रत्येक सप्ताह औपचारिक परीक्षाएँ और खेल तथा उन्हें प्रगति पत्र में दर्ज करना

**87.** नींबू साधारण पानी में डूब जाता है लेकिन नमकीन पानी में तैरता रहता है, क्योंकि

(1) नींबू का घनत्व नमकीन पानी में अधिक हो जाता है

(2) नींबू का घनत्व नमकीन पानी में कम हो जाता है

(3) नमकीन पानी का घनत्व साधारण पानी के घनत्व से अधिक होता है

(4) साधारण पानी का घनत्व नमकीन पानी के घनत्व से अधिक होता है

**88.** पके हुए चावल रेफ्रिजरेटर में अपेक्षाकृत लंबे समय तक परिरक्षित किए जा सकते हैं, क्योंकि

(1) कम तापमान पर भोजन का नमी तत्त्व घट जाता है

(2) रेफ्रिजरेटर में कुछ ऐसे रसायन होते हैं जो रोगाणुओं को नष्ट कर देते हैं

(3) कम तापमान पर रोगाणु निष्क्रिय हो जाते हैं

(4) रोगाणु कम तापमान पर नष्ट हो जाते हैं

**89.** रक्त की जाँच द्वारा किसकी उपस्थिति से मलेरिया की पहचान होती है ?

(1) लाल रक्त कोशिकाओं में मच्छर के अंडे

(2) लाल रक्त कोशिकाओं में मलेरिया परजीवी (प्लाज़्मोडियम)

(3) रक्त में क्षतिग्रस्त यकृत कोशिकाएँ

(4) रक्त में मच्छर के लार्वे

**90.** पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए कविताओं और कहानी कथन का प्रयोग करना

(1) बच्चों में विद्यमान भाषिक एवं सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखता है

(2) उचित दिशा में बच्चों की ऊर्जा को संकेन्द्रित करता है

(3) पाठ को आनंददायक और रोचक बनाने में मदद करता है

(4) स्थानीय एवं विश्व स्तर पर संसार की प्रकृति को खोजने और कल्पना करने की योग्यता का विकास करने में मदद करता है

# भाग IV
## भाषा I
## हिन्दी

***निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए ।***

**91.** पाठ में दिए गए चित्रों का क्या उद्देश्य होता है ?

(1) चित्र अमूर्त संकल्पनाओं को समझने में सहायता करते हैं

(2) चित्रों से पाठ्य-पुस्तक आकर्षक बनती है

(3) चित्र पाठ की शोभा बढ़ाते हैं

(4) पाठ्य-पुस्तक में चित्र देने का प्रचलन है

**92.** भाषा के अभिव्यक्तात्मक कौशल हैं

(1) सुनना, पढ़ना

(2) सुनना, बोलना

(3) बोलना, लिखना

(4) पढ़ना, लिखना

**93.** प्राथमिक स्तर पर कौन-सा भाषा-शिक्षण का उद्देश्य ***नहीं*** है ?

(1) विभिन्न संदर्भों में भाषा का प्रभावी प्रयोग करना

(2) स्पष्टता एवं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कहना

(3) वर्णमाला को क्रम से कंठस्थ करना

(4) ध्वनि-संकेत चिह्नों का सम्बन्ध बनाना

**94.** उपचारात्मक शिक्षण की सफलता निर्भर करती है

(1) उपचारात्मक शिक्षण की सामग्री पर

(2) भाषिक नियमों के ज्ञान पर

(3) समय व अवधि पर

(4) समस्याओं के कारणों की सही पहचान पर

**95.** भाषा-कौशलों के संदर्भ में कौन-सा कथन उचित है ?

(1) भाषा-कौशलों के विकास में अभ्यास की अपेक्षा भाषिक नियमों का ज्ञान ज़रूरी है

(2) विद्यालय में केवल 'पढ़ना', 'लिखना' कौशलों पर ही बल देना चाहिए

(3) बच्चे केवल सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना कौशल क्रम से ही सीखते हैं

(4) भाषा के चारों कौशल परस्पर अंतः सम्बन्धित हैं

**96.** एक बहु-सांस्कृतिक कक्षा में आप एक भाषा-शिक्षक के रूप में किस बात को अधिक महत्त्व देंगे ?

(1) बच्चों को भाषा-प्रयोग के अधिक-से-अधिक अवसर देना

(2) पाठ्य-पुस्तक के प्रत्येक पाठ को भली-भांति समझाना

(3) बच्चों को व्याकरण सिखाना

(4) स्वयं शुद्ध भाषा-प्रयोग

**97.** हिन्दी की कक्षा में प्रायः हिन्दीतर-भाषी बच्चे हिन्दी सीखने में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हैं, क्योंकि

(1) प्रायः हिन्दी और उनकी मातृभाषा की संरचना में अंतर होता है ।

(2) वे मन लगाकर हिन्दी नहीं सीखते ।

(3) हिन्दी सीखने के प्रति उनमें अरुचि होती है ।

(4) हिन्दी बहुत कठिन भाषा है ।

**98.** 'बोलना' कौशल में महत्त्वपूर्ण है

(1) मधुर वाणी ।

(2) संदर्भ एवं स्थिति के अनुसार अपनी बात कह सकना ।

(3) स्पष्ट एवं शुद्ध उच्चारण ।

(4) आलंकारिक भाषा का प्रयोग ।

**99.** एक समावेशी कक्षा में कौन-सा कथन भाषा-शिक्षण के सिद्धांतों के प्रतिकूल है ?

(1) व्याकरण के नियम सिखाने से बच्चों का भाषा-विकास शीघ्रता से होगा ।

(2) बच्चे परिवेश से प्राप्त भाषा को ग्रहण करते हुए भाषा-प्रयोग के नियम बना सकते हैं ।

(3) भाषा परिवेश में रहकर अर्जित की जाती है ।

(4) प्रिंट-समृद्ध माहौल भाषा सीखने में सहायक होता है ।

**100.** कहानी सुनाने से

(1) बच्चों की कल्पना-शक्ति व चिंतन-शक्ति का विकास होता है ।

(2) बच्चे प्रसन्न होते हैं ।

(3) बच्चे कक्षा में एकाग्रचित्त होकर शांत बैठते हैं ।

(4) बच्चे अनुशासित रहते हैं ।

**101.** बच्चों के 'लेखन' कौशल का मूल्यांकन करने के लिए कौन-सी विधि बेहतर हो सकती है ?

(1) सुन्दर लेख का अभ्यास

(2) अपने अनुभवों को लिखना

(3) श्रुतलेख

(4) पाठाधारित प्रश्नों के उत्तर लिखना

**102.** एक भाषा-शिक्षक के रूप में सबसे बड़ी चुनौती है

(1) बहुभाषिक कक्षा के शिक्षण के लिए उचित रणनीतियाँ तय करना ।

(2) बच्चों को भाषा सीखने के महत्त्व से परिचित कराना ।

(3) बच्चों की भाषा को संचार साधनों के प्रभाव से मुक्त रखना ।

(4) भाषा-संसाधनों का अभाव है ।

**103.** भाषा-शिषण में पाठ्य-पुस्तक

(1) अनावश्यक है

(2) एकमात्र संसाधन है

(3) साध्य है

(4) साधन है

**104.** गृहकार्य के बारे में कौन-सा कथन उचित है ?

(1) गृहकार्य देना अति-आवश्यक है

(2) गृह कार्य अभिभावकों को व्यस्त रखने का उत्तम साधन है

(3) बच्चों की क्षमताओं, स्तर के अनुसार गृहकार्य दिया जाना चाहिए

(4) गृहकार्य कक्षा में किए गए कार्य का अभ्यास-मात्र है

**105.** प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषा शिक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन ***असत्य*** है ?

(1) सुधार के नाम पर की जाने वाली टिप्पणियों व निरर्थक अभ्यास से बच्चों में अरुचि उत्पन्न हो सकती है

(2) बच्चे समृद्ध भाषा-परिवेश में सहज और स्वतः रूप से भाषा में परिमार्जन कर लेंगे

(3) बच्चे भाषा की जटिल और समृद्ध संरचनाओं के साथ विद्यालय आते हैं

(4) बच्चों की भाषा-संकल्पनाओं और विद्यालय में प्रचलित भाषा परिवेश में विरोधाभास ही भाषा सीखने में सहायक होता है

***निर्देश :*** *गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 106 से 114) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

मनु बहन ने पूरे दिन की डायरी लिखी, लेकिन एक जगह लिख दिया, "सफ़ाई वग़ैरह की ।"

गाँधीजी प्रतिदिन डायरी पढ़कर उस पर अपने हस्ताक्षर करते थे । आज की डायरी पर हस्ताक्षर करते हुए गाँधीजी ने लिखा, "कातने की गति का हिसाब लिखा जाए । मन में आए हुए विचार लिखे जाएँ । जो-जो पढ़ा हो, उसकी टिप्पणी लिखी जाए । 'वग़ैरह' का उपयोग नहीं होना चाहिए । डायरी में 'वग़ैरह' शब्द के लिए कोई स्थान नहीं है ।"

जिसने जो पढ़ा हो, वह लिखा जाए। ऐसा करने से पढ़ा हुआ कितना पच गया है, यह मालूम हो जाएगा। जो बातें हुई हों वे लिखी जाएँ। मनु ने अपनी ग़लती का अहसास किया और डायरी विधा की पवित्रता को समझा।

गाँधीजी ने पुनः मनु से कहा — "डायरी लिखना आसान कार्य नहीं है। यह इबादत करने जैसी विधा है। हमें शुद्ध व सच्चे रूप से प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना को निष्पक्ष रूप से लिखना चाहिए चाहे कोई बात हमारे विरुद्ध ही क्यों न जा रही हो। इससे हममें सच्चाई स्वीकार करने की शक्ति प्राप्त होगी।"

*(गाँधीजी के रोचक संस्मरण)*

**106.** मनु को अपनी किस ग़लती का अहसास हुआ ?

(1) उन्होंने डायरी में 'वग़ैरह' शब्द का प्रयोग किया था

(2) उन्होंने गाँधीजी की बात नहीं मानी थी

(3) मनु ने डायरी में कातने की गति का हिसाब लिखा था

(4) उन्होंने डायरी में सही-सही बातें लिखी थीं

**107.** गाँधीजी ने 'वग़ैरह' शब्द पर अपनी आपत्ति क्यों जताई ?

(1) वे चाहते थे कि बातों को ज्यों-का-त्यों लिखा जाए

(2) 'वग़ैरह' शब्द की जगह 'आदि' शब्द का प्रयोग सही है

(3) गाँधीजी चाहते थे कि सही भाषा का प्रयोग हो

(4) 'वग़ैरह' शब्द में कार्य और विचार की स्पष्टता नहीं है

**108.** गाँधीजी ने डायरी लिखने को इबादत करने-जैसा क्यों कहा है ?

(1) दोनों में सच्चाई और ईमानदारी चाहिए

(2) दोनों में समय लगता है

(3) दोनों कार्य हमारे कर्तव्यों में शामिल हैं

(4) दोनों कार्य रोज़ किए जाते हैं

**109.** डायरी लिखना इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि

(1) इससे व्यक्ति का समय अच्छा गुज़र जाता है

(2) इसमें व्यक्ति स्वयं का विश्लेषण करता है और स्व-मूल्यांकन भी करता है

(3) इससे व्यक्ति पूरे दिन किए गए जमा-खर्च का हिसाब-किताब कर सकता है

(4) गाँधीजी इसे महत्त्वपूर्ण मानते हैं

**110.** गाँधीजी प्रतिदिन डायरी पढ़कर क्या करते थे ?

(1) हस्ताक्षर करते थे ताकि जाँच का प्रमाण दिया जा सके

(2) हस्ताक्षर करते थे क्योंकि यह नियम था

(3) लोगों को उनकी ग़लती का अहसास कराते थे

(4) डायरी पर हस्ताक्षर करते थे और यह देखते थे कि व्यक्ति अपने कार्य और विचार में किस दिशा में जा रहा है

**111.** 'प्रतिदिन' शब्द में कौन-सा समास है ?

(1) तत्पुरुष समास

(2) द्वंद्व समास

(3) अव्ययीभाव समास

(4) द्विगु समास

**112.** 'पढ़ा हुआ कितना पच गया है' का अर्थ है

(1) पढ़ा हुआ कितना आत्मसात् किया है

(2) कितना सही उच्चारण के साथ पढ़ा है

(3) पढ़े हुए का कितना विश्लेषण किया है

(4) पढ़ा हुआ कितना समझ में आया है

**113.** 'कार्य' शब्द का तद्भव रूप बताइए।

(1) काम

(2) सेवा

(3) कारज

(4) काज

**114.** 'विचार' में इक प्रत्यय लगाकर शब्द बनेगा

(1) वैचारिक

(2) वैचारीक

(3) विचारिक

(4) विचौरिक

***निर्देश :*** *कविता की पंक्तियाँ पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 115 से 120) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

अब न गहरी नींद में तुम सो सकोगे,
गीत गाकर मैं जगाने आ रहा हूँ ।
अतल अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा,
अरुण उदयाचल सजाने आ रहा हूँ ।

कल्पना में आज तक उड़ते रहे तुम,
साधना से सिहरकर मुड़ते रहे तुम ।
अब तुम्हें आकाश में उड़ने न दूँगा,
आज धरती पर बसाने आ रहा हूँ ।

*— सोहनलाल द्विवेदी*

**115.** गहरी नींद में सोने का अर्थ है

(1) चिंतायुक्त होना

(2) मृत्यु को प्राप्त होना

(3) परिश्रमी होना

(4) बेख़बर होना

**116.** कवि लोगों को कहाँ नहीं जाने देगा ?

(1) पतन की राह पर

(2) पाताल में

(3) अतल गहराई में

(4) जहाँ सूर्य अस्त होता है

**117.** कवि किस तरह के व्यक्तियों को संबोधित कर रहा है ?

(1) जो आकाश की ऊँचाइयों को छूना चाहते हैं

(2) जो अत्यधिक प्रेरित हैं

(3) जो बहुत परिश्रमी हैं

(4) जो जीवन की कठोर वास्तविकताओं से बेख़बर हैं

**118.** कवि लोगों को क्यों जगाना चाहता है ?

(1) यह कवि का दायित्व है

(2) ताकि लोग गीत सुन सकें

(3) ताकि मनुष्यों में गतिशीलता आ सके और वे प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकें

(4) सुबह हो गई है

**119.** 'अतल अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(1) अनुप्रास अलंकार

(2) श्लेष अलंकार

(3) उपमा अलंकार

(4) रूपक अलंकार

**120.** कविता का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है

(1) जागृति

(2) हर्ष

(3) कोलाहल

(4) आकाश

## भाग V
## भाषा II
## हिन्दी

***निर्देश : गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 126) में सबसे उचित विकल्प चुनिए।***

लोक कथाएँ हमारे आम जीवन में सदियों से रची-बसी हैं। इन्हें हम अपने बड़े-बूढ़ों से बचपन से ही सुनते आ रहे हैं। लोक कथाओं के बारे में यह भी कहा जाता है कि बचपन के शुरुआती वर्षों में बच्चों को अपने परिवेश की महक, सोच व कल्पना की उड़ान देने के लिए इनका उपयोग ज़रूरी है। हम यह भी सुनते हैं कि बच्चों के भाषा के विकास के संदर्भ में भी इन कथाओं की उपयोगिता महत्त्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि इन लोक कथाओं के विभिन्न रूपों में हमें लोक जीवन के तत्त्व मिलते हैं जो बच्चों के भाषा विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाते हैं। अगर हम अपनी पढ़ी हुई लोक कथाओं को याद करें तो सहजता से हमें इनके कई उदाहरण मिल जाते हैं। जब हम कहानी सुना रहे होते हैं तो बच्चों से हमारी यह अपेक्षा रहती है कि वे पहली घटी घटनाओं को ज़रूर दोहराएँ। बच्चे भी घटना को याद रखते हुए साथ-साथ मज़े से दोहराते हैं। इस तरह कथा सुनाने की इस प्रक्रिया में बच्चे इन घटनाओं को एक क्रम में रखकर देखते हैं। इन क्रमिक घटनाओं में एक तर्क होता है जो बच्चों के मनोभावों से मिलता-जुलता है।

*(क्या बताती हैं लोक कथाएँ – कमलेश चंद्र जोशी)*

**121.** लोक कथाओं में शामिल है
(1) लोक जीवन के रंग
(2) लोक की उड़ान
(3) घटनाएँ
(4) लोक कल्पना

**122.** लोक कथाओं में किस परिवेश की महक की बात की गई है ?
(1) शहरी परिवेश की
(2) विद्यालयी परिवेश की
(3) ग्रामीण परिवेश की
(4) बच्चों के आस-पास मौजूद परिवेश की

**123.** बच्चों से हमारी क्या अपेक्षा रहती है ?
(1) कहानी सुनना
(2) घटनाओं की भाषा को समझना
(3) वे कहानी में मजे लें
(4) वे कहानी की घटनाओं को याद रखें ताकि आगे की कहानी से जुड़ा जा सके

अनुच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि इसका मुख्य बिन्दु है
(1) लोक कथाओं के माध्यम से कल्पना, तर्क और भाषा का विकास किया जा सकता है
(2) कहानी में याद रखना ज़रूरी है
(3) लोक कथाएँ हमारे जीवन का हिस्सा हैं
(4) लोक कथाओं में लोक तत्त्व होता है

**125.** 'परिवेश की महक' पद का अर्थ है
(1) परिवेश की विशिष्टताएँ, सीमाएँ
(2) परिवेश की कहानियाँ
(3) परिवेश की खुशबू
(4) परिवेश की गंध

**126.** 'कहानी की क्रमिक घटनाओं में एक तर्क होता है जो बच्चों के मनोभावों से मिलता-जुलता है।' वाक्य किस ओर संकेत करता है ?
(1) कहानियों में एक क्रम होता है
(2) बच्चे भी कहानी के क्रम में ही सोचते हैं
(3) कहानियाँ बच्चों की मानसिक दशा को दर्शाती हैं
(4) बच्चे भी कहानी के बारे में लगभग उसी तरह सोचते हैं जिस तरह कहानी में घटनाएँ घटती हैं

***निर्देश :*** *गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 127 से 135) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

गाँधीजी मानते थे कि सामाजिक या सामूहिक जीवन की ओर बढ़ने से पहले कौटुम्बिक जीवन का अनुभव प्राप्त करना आवश्यक है । इसलिए वे आश्रम-जीवन बिताते थे । वहाँ सभी एक भोजनालय में भोजन करते थे । इससे समय और धन तो बचता ही था, सामूहिक जीवन का अभ्यास भी होता था । लेकिन यह सब होना चाहिए, समय-पालन, सुव्यवस्था और शुचिता के साथ ।

इस ओर लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए गाँधीजी स्वयं भी सामूहिक रसोईघर में भोजन करते थे । भोजन के समय दो बार घंटी बजती थी । जो दूसरी घंटी बजने तक भोजनालय में नहीं पहुँच पाता था, उसे दूसरी पंक्ति के लिए बरामदे में इंतज़ार करना पड़ता था । दूसरी घंटे बजते ही रसोईघर का द्वार बंद कर दिया जाता था, जिससे बाद में आने वाले व्यक्ति अंदर न आने पाएँ ।

एक दिन गाँधीजी पिछड़ गए । संयोग से उस दिन आश्रमवासी श्री हरिभाऊ उपाध्याय भी पिछड़ गए । जब वे वहाँ पहुँचे तो देखा कि बापू बरामदे में खड़े हैं । बैठने के लिए न बैंच है, न कुर्सी । हरिभ्राऊ ने विनोद करते हुए कहा, "बापूजी आज तो आप भी गुनहगारों के कठघरे में आ गए हैं ।"

गाँधीजी खिलखिलाकर हँस पड़े । बोले, "कानून के सामने तो सब बराबर होते हैं न ?"

हरिभाऊ जी ने कहा, "बैठने के लिए कुर्सी लाऊँ, बापू ?" गाँधीजी बोले, "नहीं, उसकी ज़रूरत नहीं है । सज़ा पूरी भुगतनी चाहिए । उसी में सच्चा आनंद है ।"

*(स्रोत : गाँधीजी के रोचक संस्मरण – डॉ. कृष्णवीर सिंह)*

**127.** गाँधीजी ने किस बात की पूरी सज़ा भुगतने की बात की ?
(1) ग़लत नियम बनाने की
(2) देर से रसोईघर में पहुँचने की
(3) सामूहिक जीवन की
(4) आश्रम-जीवन बिताने की

**128.** सामूहिक जीवन बिताने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण है
(1) समूह के सदस्यों की आपसी प्रतिस्पर्धा
(2) समूह के लिए बनाए गए नियमों का पालन
(3) सब समान स्तर के हों
(4) समान विचारधारा होना

**129.** "कानून के सामने तो सब बराबर होते हैं न ?" गाँधीजी का यह कथन इस ओर संकेत करता है कि
(1) कानून के हाथ लंबे होते हैं
(2) गाँधीजी झेंप गए थे
(3) कानून किसी तरह का भेदभाव नहीं करता
(4) गाँधीजी पूरी ईमानदारी से नियमों का पालन करने में विश्वास रखते थे

**130.** दूसरी घंटी के बाद रसोईघर का दरवाज़ा क्यों बंद कर दिया जाता होगा ?
(1) ऐसा गाँधीजी का निर्देश था
(2) ताकि लोग समय से भोजन करें और नियम का पालन भी
(3) ताकि लोग अंदर न आ सकें
(4) ताकि लोग एकाध दिन उपवास कर सकें

**131.** सभी भोजनालय में एक साथ भोजन करते थे । इससे
(1) केवल धन की बचत होती थी ।
(2) सुव्यवस्था रहती थी ।
(3) गाँधीजी और हरिभाऊ जी को बहुत असुविधा हुई ।
(4) सामूहिक जीवन का महत्त्व पता चलता था ।

**132.** 'शुचिता' शब्द का क्या अर्थ है ?
(1) निर्मलता
(2) सरलता
(3) निष्पक्षता
(4) पवित्रता

**133.** इनमें कौन-सा 'इक' प्रत्यय का उदाहरण है ?
(1) अत्यधिक
(2) कौटुम्बिक
(3) आधिक्य
(4) माणिक्य

**134.** 'भोजनालय' का संधि-विच्छेद है

(1) भोजन + अलय

(2) भोजन + आलय

(3) भोजन + लय

(4) भोज + नालय

**135.** 'रसोईघर' शब्द है

(1) यौगिक

(2) तत्सम

(3) रूढ़

(4) योगरूढ़

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**136.** भाषा की कक्षा का माहौल कैसा होना चाहिए ?

(1) जहाँ बच्चों को उनकी बात कहने और सुनने के अधिकाधिक अवसर मिलें

(2) जहाँ शिक्षक बोले और बच्चे ध्यान से सुनें

(3) जहाँ भाषागत शुद्धता पर अत्यधिक बल हो

(4) दीवारों पर सूक्तियाँ लिखी हों

**137.** पहली कक्षा में पढ़ने वाली अंकिता अक्सर 'ड़' वाले शब्दों को ग़लत तरीके से बोलती है । आप क्या करेंगे ?

(1) उसे 'ड़' वाले शब्दों की सी.डी. सुनने के लिए देंगे ।

(2) अंकिता को 'ड़' वाले शब्दों की सूची देंगे ।

(3) अंकिता को 'ड़' वाले शब्दों को अपने पीछे-पीछे दोहराने के लिए कहेंगे ।

(4) स्वयं 'ड़' वाले शब्दों को सहज भाव से उसके समक्ष प्रस्तुत कर उससे धैर्यपूर्वक बोलने का अभ्यास कराएँगे ।

**138.** पाठ पढ़ने-पढ़ाने के बाद किस तरह के सवाल बच्चों की समझ का मूल्यांकन करने में सहायक ***नहीं*** होते ?

(1) 'यदि-तो' वाले प्रश्न

(2) पढ़े गए पाठ से जोड़ते हुए अपने निजी अनुभवों को व्यक्त करने वाले प्रश्न

(3) 'क्यों', 'कैसे' वाले प्रश्न

(4) 'क्या शिक्षा मिलती है ?' वाला प्रश्न

**139.** लगभग दो साल के बच्चे तार वाली भाषा (टेलीग्राफिक स्पीच) का प्रयोग करते हैं । तार वाली भाषा का अर्थ है

(1) तार में प्रयुक्त होने वाले शब्दों का प्रयोग

(2) अंग्रेज़ी शब्दों का उपयोग

(3) संक्षिप्त वाक्यों का प्रयोग करना

(4) मुख्य अर्थ को व्यक्त करने वाले संज्ञा, क्रिया, विशेषण आदि दो शब्दों वाली अभिव्यक्ति

**140.** प्राथमिक स्तर पर आप किस तरह का बाल-साहित्य उचित समझते हैं ?

(1) केवल कहानियाँ

(2) ऐसा साहित्य जो प्रसिद्ध साहित्यकारों द्वारा लिखा गया हो

(3) ऐसा साहित्य जिसमें शब्दों और घटनाओं का दोहराव हो

(4) केवल कविताएँ

**141.** एक समावेशी कक्षा में 'भाषा-शिक्षण' की समस्या है

(1) उपयुक्त भाषा-परिवेश का निर्माण न हो पाना ।

(2) उपयुक्त पाठ्य-सामग्री का अभाव ।

(3) विद्यार्थियों की योग्यताओं में भिन्नता होना ।

(4) विद्यार्थियों में असमान रुचि का होना ।

**142.** कक्षा में कुछ बच्चे ग़लत वर्तनी का प्रयोग करते हुए लिखते हैं । आप क्या करेंगे ?

(1) इसे एक सहज और स्वाभाविक प्रक्रिया मानते हुए कक्षा में 'प्रिंट'-समृद्ध माहौल का निर्माण करेंगे ।

(2) शब्दों को दस-दस बार सही तरीक़े से लिखने के लिए कहेंगे ।

(3) बच्चों को उनकी त्रुटियों का अहसास कराएँगे ।

(4) ग़लत वर्तनी वाले शब्दों पर लाल स्याही से घेरा या क्रॉस लगाएँगे ।

**143.** बच्चों के भाषा-विकास की क्रमिक प्रगति का रिकॉर्ड रखने में कौन-सा सर्वाधिक सहायक है ?

(1) शिक्षक-डायरी

(2) पोर्टफ़ोलियो

(3) लिखित परीक्षा की उत्तर-पुस्तिकाएँ

(4) नोट-बुक

**144.** प्राथमिक स्तर पर बच्चे किस प्रकार की कविताएँ पसंद करते हैं ?

(1) जो तुकांत न हों

(2) जो कोई सीख देती हों

(3) जिनमें लयात्मकता हो

(4) जो अनिवार्य रूप से राजा-रानी से जुड़ीं हों

**145.** प्राथमिक स्तर पर बहु-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाली कक्षा में बच्चे लक्ष्य भाषा के परिवेश से भाषा अर्जित करते हुए

(1) लक्ष्य भाषा की अपनी भाषा से तुलना करते हैं ।

(2) धीमे-धीमे भाषा के रचनात्मक प्रयोग का अभ्यास करने लगते हैं ।

(3) उसे शुद्ध-अशुद्ध रूप में पहचानते हैं ।

(4) व्याकरणिक नियमों की शुद्धता को परखते हैं ।

**146.** ग्राह्यात्मक कौशलों में शामिल हैं

(1) सुनना, बोलना

(2) बोलना, लिखना

(3) सुनना, पढ़ना

(4) पढ़ना, लिखना

**147.** राहुल को जब भी कक्षा में उत्तर देने के लिए कहा जाता है वह हकलाने लगता है । इसका क्या कारण हो सकता है ?

(1) राहुल जानबूझकर ऐसा करता है ताकि उसे जवाब न देना पड़े ।

(2) राहुल को सही उत्तर नहीं पता होता ।

(3) यह राहुल की आदत है ।

(4) राहुल बड़े समूह के सामने अपनी बात कहने में मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता है ।

**148.** राधिका अकसर 'लड़का' को 'लर्का', 'कमाई होने लगी' को 'कमाई होगी' लिखना जैसी ग़लतियाँ कर बैठती है । यह इस ओर संकेत करता है कि

(1) राधिका ध्यान से नहीं लिखती ।

(2) उसके लेखन के स्तर में सुधार की आवश्यकता है ।

(3) राधिका को मात्राओं का ज्ञान नहीं है ।

(4) राधिका के विचारों की तेज़ गति के साथ उसकी लेखनी नहीं चल पाती ।

**149.** प्राथमिक स्तर पर 'सुनना-बोलना' कौशल के विकास में कौन-सी विधियाँ अधिक सहायक हैं ?

(1) कहानी-कथन और श्रुतलेख

(2) कविता-पाठ और भाषा-प्रयोगशाला

(3) भूमिका-निर्वाह (रोल-प्ले) और समाचार-वाचन

(4) भूमिका-निर्वाह और बातचीत करना

**150.** इनमें से प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण का कौन-सा उद्देश्य अनिवार्यतः ***नहीं*** है ?

(1) विभिन्न संदर्भों में प्रयुक्त शब्दों के सही अर्थ ग्रहण करना

(2) विभिन्न संदर्भों और स्थितियों में अपनी बात व्यक्त करने की कुशलता का विकास

(3) भाषा के आलंकारिक प्रयोग की क्षमता का विकास

(4) मानवीय मूल्यों का विकास

उत्तर : सीटेट प्रथम प्रश्नपत्र 2011

| | |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 2 | 3 |
| 3 | 2 |
| 4 | 3 |
| 5 | 1 |
| 6 | 3 |
| 7 | 2 |
| 8 | 1 |
| 9 | 4 |
| 10 | 4 |
| 11 | 4 |
| 12 | 1 |
| 13 | 1 |
| 14 | 3 |
| 15 | 2 |
| 16 | 4 |
| 17 | 3 |
| 18 | 1 |
| 19 | 4 |
| 20 | 1 |
| 21 | 2 |
| 22 | 2 |
| 23 | 2 |
| 24 | 1 |
| 25 | 3 |

| | |
|---|---|
| 26 | 3 |
| 27 | 4 |
| 28 | 1 |
| 29 | |
| 30 | 2 |
| 31 | 1 |
| 32 | 2 |
| 33 | 2 |
| 34 | 4 |
| 35 | 2 |
| 36 | 1 |
| 37 | 1 |
| 38 | 1 |
| 39 | 4 |
| 40 | 1 |
| 41 | 2 |
| 42 | 2 |
| 43 | |
| 44 | 3 |
| 45 | 2 |
| 46 | 4 |
| 47 | 4 |
| 48 | 2 |
| 49 | |
| 50 | 2 |

| | |
|---|---|
| 51 | 3 |
| 52 | 3 |
| 53 | |
| 54 | 4 |
| 55 | 3 |
| 56 | 2 |
| 57 | 1 |
| 58 | 2 |
| 59 | 1 |
| 60 | 1 |
| 61 | 1 |
| 62 | 1 |
| 63 | 4 |
| 64 | 2 |
| 65 | 2 |
| 66 | 1 |
| 67 | 2 |
| 68 | 1 |
| 69 | 1 |
| 70 | 2 |
| 71 | 2 |
| 72 | 1 |
| 73 | 1 |
| 74 | 4 |
| 75 | 3 |

| | |
|---|---|
| 76 | 4 |
| 77 | 3 |
| 78 | 2 |
| 79 | 1 |
| 80 | 3 |
| 81 | |
| 82 | 1 |
| 83 | 3 |
| 84 | 1 |
| 85 | 4 |
| 86 | 3 |
| 87 | 3 |
| 88 | 3 |
| 89 | 2 |
| 90 | 4 |
| 91 | 1 |
| 92 | 3 |
| 93 | 3 |
| 94 | 4 |
| 95 | 4 |
| 96 | 1 |
| 97 | 1 |
| 98 | 2 |
| 99 | 1 |
| 100 | 1 |

| | |
|---|---|
| 101 | 1 |
| 102 | |
| 103 | 4 |
| 104 | 3 |
| 105 | 4 |
| 106 | 1 |
| 107 | 4 |
| 108 | 1 |
| 109 | 2 |
| 110 | 4 |
| 111 | 3 |
| 112 | 1 |
| 113 | 1 |
| 114 | 1 |
| 115 | 4 |
| 116 | 1 |
| 117 | 4 |
| 118 | 3 |
| 119 | 1 |
| 120 | |
| 121 | 1 |
| 122 | 4 |
| 123 | 4 |
| 124 | 1 |
| 125 | 1 |

| | |
|---|---|
| 126 | 4 |
| 127 | 2 |
| 128 | 2 |
| 129 | 1 |
| 130 | 2 |
| 131 | 4 |
| 132 | 4 |
| 133 | 2 |
| 134 | 2 |
| 135 | 1 |
| 136 | |
| 137 | |
| 138 | |
| 139 | |
| 140 | |
| 141 | |
| 142 | |
| 143 | |
| 144 | |
| 145 | |
| 146 | |
| 147 | |
| 148 | |
| 149 | |
| 150 | |